कार्यालय जिला न्यायाधीश, महराजगंज

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा पूर्व में निर्गत परिपत्र संख्या–41/Admin. (D) Section Dated 14.04.1980 को अधिक्रमित करते हुए, माननीय उच्च न्यायालय को पूर्व सूचना के अधीन, विभिन्न शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अन्तर्गत जिला न्यायालयों में उपलब्ध रिक्तियों के प्रति सेवानिवृत्त जिला न्यायालय कर्मियों की पुनर्नियुक्ति किये जाने हेतु निर्गत नवीन परिपत्र संख्या–14/Admin. 'D' Section Dated: 15.10.2022 के अनुक्रम में जिला न्यायालय, महराजगंज में वर्तमान में लिपिक सम्वर्ग (समूह 'ग'), आशुलिपिक सम्वर्ग (समूह 'ग'), वाहन चालक सम्वर्ग (समूह 'ग') तथा चतुर्थ श्रेणी सम्वर्ग (समूह 'घ') के रिक्त पदों पर पुनर्नियुक्ति हेतु, सेवानिवृत्त जिला न्यायालय कर्मियों से निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 23–12–2022 के सायंकाल 04:00 बजे तक आवेदन–पत्र आमन्त्रित किये जाने हेतु विज्ञप्ति दिनांकित 08–12–2022 प्रकाशित की गई थी। परन्तु उपलब्ध रिक्तियों के सापेक्ष अब तक प्राप्त आवेदन–पत्रों की संख्या अत्यन्त कम है।

अतः, उक्त के क्रम में निर्धारित प्रारूप पर आवेदन–पत्र प्रस्तुत किये जाने हेतु दिनांक 05–01–2023 के सायंकाल 04:00 बजे तक के लिये समय विस्तारित किया जाता है। पुनर्नियुक्ति हेतु शर्तें एवं प्रतिबन्ध पूर्ववत रहेंगे।

इस विज्ञप्ति को सूचनार्थ जिला न्यायालय, महराजगंज एवं बाह्य न्यायालय, फरेन्दा के सूचना–पट्ट तथा जिला न्यायालय, महराजगंज की अधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाय। साथ ही साथ जिला सूचना अधिकारी, महराजगंज को यथासम्भव सभी दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रति प्रेषित हो।

23/12/2022

दिनांकः 23–12–2022

नियुक्ति प्राधिकारी/जिला न्यायाधीश,
महराजगंज।